**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 1 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

**केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को बहुमूल्य जानकारी प्रदान करने वाला एक जन-आंदोलन है।**

**श्री चौहान ने कई राज्यों के विधायकों से वर्चुअल संवाद करते हुए कहा कि अभियान के अंतर्गत किसानों से चर्चा की जाएगी और उनके प्रश्नों का समाधान किया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक कृषि, एक टीम' का मूल मंत्र भारत को 2047 तक विकसित बनाने में सहायक होगा।**

**(*विकसित भारत के लिए विकसित खेती और समृद्ध विकास- और इसमें हमने तय किया, उत्पादन बढ़ाना है, लागत घटाना है, उत्पादन का ठीक दाम देना है, मार्केट रेट और एमएसपी के रेट के बीच का अंतर किसान के खाते में डाल दो, ताकि जुताई के नुकसान की भरपाई हो सके।)*

---

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को सलाम करता है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता लांस नायक करम सिंह को याद कर रहे हैं, जिन्होंने 1947-48 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था।**

**1915 में पंजाब में जन्मे लांस नायक करम सिंह 1941 में सिख रेजीमेंट में भर्ती हुए। 1948 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में टीथवाल की लंबी लड़ाई के दौरान लांस नायक करम सिंह ने अहम भूमिका निभाई। 13 अक्टूबर की रात लेंस करम सिंह**

की चौकी पर भारी गोलाबारी के साथ दुश्मन ने एक बड़ा हमला किया। संख्या में बहुत कम होने और गोला बारूद की कमी के बावजूद उन्होंने दुश्मन के कई हमलों को विफल कर दिया। अपने साथियों को दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने और दुश्मन पर ग्रेनेड से हमले करने के लिए लांस नायक सिंह एक स्थान से दूसरे स्थान पर गए। दो बार घायल होने के बावजूद उन्होंने वहां से जाने से इनकार कर दिया और पहली पंक्ति की खाइयो पर बने रहे । दुश्मन के पांचवें हमले के दौरान दो दुश्मन सैनिक उनकी पोजीशन के बहुत करीब आ गए, गोलीबारी के खतरों से बचने के लिए करम सिंह अपनी खाई से बाहर निकले और संगीन से दोनों दुश्मन सैनिकों को मार डाला। अपनी असाधारण बहादुरी के लिए लांस नायक करम सिंह को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया जो टीथवाल की लड़ाई में साहस का प्रतीक बन गए। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली

---

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण- एन.आई.ए. ने पाकिस्तान के लिए जासूसी के मामले में, आठ राज्यों में 15 स्थानों पर तलाशी ली है। यह छापेमारी दिल्ली, मुंबई, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम और पश्चिम बंगाल के संदिग्ध ठिकानों पर की गई। इस दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, संवेदनशील आर्थिक दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई।

एन.आई.ए. ने इस सिलसिले में एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामला दर्ज किया था जो वर्ष 2023 से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दे रहा था।

---

हरियाणा के जींद में भी कल NIA की टीम ने एक जिम संचालक के घर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि जिम संचालक की तरफ से एक संदेहास्पद बैंक खाते में रुपए ट्रांसफर किए गए थे ।

---

हरियाणा के ऊर्जा अनिल विज ने कहा कि नई पीढी को सजग, बेहतर व स्वस्थ रहने के लिए टेलीविजन तथा मोबा□ल पर स्क्रीन टा□म को कम करना होगा।

श्री विज कल अम्बाला जिले के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित किए गए "भविष्य ज्योति समारोह" को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न स्कूलों में अव्वल रहे 125 विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा सभी को अपने स्वैच्छिक कोष से 10-10 हजार रुपये देने की घोषणा भी की।

---

श्री विज ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि मोबाइल व सोशल मीडिया से जितना दूर रह सकें रहना चाहिए । उन्होंने कहा कि तकनीक का लाभ उठाना चाहिए, परंतु इसके दुष्प्रभाव से भी बचना जरूरी हैं।

---

**केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के लिए एक व्यापक खाका तैयार किया गया है।**

**डॉ. मनसुख मंडाविया चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के साथ कल शाम केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।**

**उन्होंने खेलो इंडिया पहल के तहत प्रतिभाओं की शीघ्र पहचान और संरचित समर्थन के महत्व पर जोर दिया, जिसका उद्देश्य एथलीटों को ओलंपिक में सफलता के लिए तैयार करना है। उन्होंने चल रही एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप का हवाला दिया, जहां भारतीय एथलीटों ने पहले ही कई पदक जीते हैं, जो इस पहल के बढ़ते प्रभाव का सबूत है।**

केंद्रीय मंत्री ने चंडीगढ़ के खेल बुनियादी ढांचे को और बढ़ाने के लिए भारत सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करेंगे कि चंडीगढ़ में सर्वश्रेष्ठ कोच उपलब्ध हों। इसके अलावा, एक बहूद्देशीय खेल बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा , जहां एक एकीकृत परिसर के भीतर कई खेलों का अभ्यास किया जा सकेगा।

कार्यक्रम में 320 खिलाड़ियों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से 1 करोड़ 32 लाख रुपये की छात्रवृत्ति हस्तांतरित की गई। इसके अलावा, 8 अंतरराष्ट्रीय और 23 राष्ट्रीय स्तर के 448 खिलाड़ियों को 5 करोड़ 67 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

केंद्रीय मंत्री श्री मंडाविया ने सेक्टर 8 और सेक्टर 39 के खेल परिसरों में आधुनिक शतरंज केंद्र और सेक्टर 42 में 6 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक स्नूकर और बिलियर्ड्स हॉल सहित कई प्रमुख खेल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।

समारोह में चंडीगढ़ मैराथन 2025 के लोगो और टैगलाइन का अनावरण भी किया गया।

---------------------------------------------------------------------------------------------